**फाइल सं. एसईआरबी/भर्ती/01/2021**

## विज्ञापन सूचना सं. 01/2021

1. विज्ञान और इंजीनियरी अनुसंधान बोर्ड, नई दिल्ली में, निम्नलिखित पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर, नीचे दिए गए विवरण के अनुसार भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्रम सं. | पद का नाम | वेतनमान | पदों की संख्या | भर्ती का तरीका |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वैज्ञानिक 'जी' | पे मैट्रिक्स में स्तर - 14 (₹1,44,200-2,18,200) | 01 | प्रतिनियुक्ति आधार पर |

**2. (i) वैज्ञानिक 'जी' के पद के लिए शैक्षिक अर्हताएं**

**(क)** सीधी भर्ती (वैज्ञानिक 'जी') के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं :-

(क) अनिवार्य :

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से प्राकृतिक अथवा कृषि विज्ञान में डॉक्टरेट की डिग्री अथवा इंजीनियरी अथवा प्रौद्योगिकी अथवा औषधि में स्नातकोत्तर डिग्री या समतुल्य ।

(ii) औद्योगिक और अकादमिक संस्थानों अथवा विज्ञान और प्रौद्योगिकी संगठनों अथवा वैज्ञानिक कार्यकलापों और सेवाओं में अनुसंधान और विकास कार्य में पन्द्रह वर्षों का अनुभव, जिसमें से प्रशासन, आयोजना, विकास और विज्ञान और प्रौद्योगिकी कार्यक्रमों में सहयोग का सात वर्षों का अनुभव होना चाहिए।

(iii) विज्ञान और प्रौद्योगिकी कार्यक्रम तैयार करने, प्रबंधन और निर्देशन करने का अनुभव; और

(iv) उच्च कोटि का प्रकाशित शोध कार्य।

टिप्पणी : अनिवार्य अर्हताओं के अर्जन में बिताई गई अवधि को अनुभव की अवधि में नहीं गिना जाएगा। तथापि, उन मामलों में, जहां डॉक्टरेट की डिग्री अनिवार्य अर्हता नहीं है, मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त करने में बिताई गई अवधि, अधिकतम चार वर्षों के अध्यधीन और किसी विश्वविद्यालय अथवा अनुसंधान संस्थान में डॉक्टरोत्तर अनुसंधान के लिए बिताई गई अवधि को जैसा कि विश्वविद्यालय अथवा संस्थान द्वारा दिए गए प्रमाणीकरण से स्पष्ट होता है तथा प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में शोध कार्य के प्रकाशन हेतु बिताई गई अवधि बशर्ते जो तीन वर्ष से अधिक न हो को अनुभव के रूप में गिना जाएगा।

वांछनीय : किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा अनुसंधान संस्थान से प्राकृतिक और कृषि विज्ञान में डॉक्टरोत्तर अनुसंधान अथवा इंजीनियरी अथवा प्रौद्योगिकी अथवा औषधि में डॉक्टरेट की डिग्री जैसा कि ऐसे विश्वविद्यालय अथवा संस्थान द्वारा दिए गए प्रमाणीकरण से स्पष्ट होता है और प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में शोध कार्य का प्रकाशन ।

**(ख)** श्रेणियां, जिनसे प्रतिनियुक्ति की जानी है (वैज्ञानिक 'जी') :-

भारत में केंद्र सरकार अथवा राज्य सरकारों अथवा विश्वविद्यालयों अथवा मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा सांविधिक अथवा स्वायत्त संगठनों में कार्यरत वैज्ञानिक अथवा प्रौद्योगिकीविद:

(क) (i) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारक हैं; अथवा

(ii) मूल संवर्ग अथवा विभाग में नियमित आधार पर नियुक्ति के उपरांत प्राप्त ग्रेड में पे–मैट्रिक्स के स्तर 13'ए' (₹1,31,100–₹2,16,600) में (पूर्व संशोधित पीबी – 4, ₹37,400–₹67,000 + ₹8900 ग्रेड पे) में दो वर्ष की सेवा कर चुके हों; अथवा

(iii) मूल संवर्ग अथवा विभाग में नियमित आधार पर नियुक्ति के उपरांत प्राप्त ग्रेड में पे–मैट्रिक्स के स्तर 13 (₹1,23,100–₹2,15,900) (पूर्व संशोधित पीबी – 4, ₹37,400–₹67,000 + ₹8700 ग्रेड पे) में चार वर्षों की सेवा कर चुके हों; और

(ख) उपरोक्त क्रम संख्या 2(i)(क)(क) के अंतर्गत सीधी भर्ती के लिए विहित शैक्षिक अर्हताएं प्राप्त हों।

टिप्पणी 1 : सामान्यत: प्रतिनियुक्ति की अवधि, इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित केंद्रीय सरकार के उसी विभाग या किसी अन्य संगठन के अंतर्गत किसी अन्य संवर्ग बाह्य पद पर तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी, जिसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से वर्ष–दर–वर्ष आधार पर अधिकतम 5 वर्षों के अध्यधीन बढ़ाया जा सकता है।

टिप्पणी 2 : पोषक प्रवर्ग में विभागीय अभ्यर्थी, जो लचीली अनुपूरक योजना (एफसीएस) के तहत स्वस्थाने पदोन्नति के लिए सीधे कतार में हैं, पर केवल संवर्ग बाह्य पदों, जिनके लिए वे पोषक ग्रेड अधिकारी नहीं हैं, के अलावा, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार नहीं किया जाएगा। इसी प्रकार एफसीएस के अंतर्गत प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्त अधिकारी स्वस्थाने प्रोन्नति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे।

टिप्पणी 3 : प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा, आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को **56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।**

# सामान्य अनुदेश

1. भरे जाने वाले पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है। **बोर्ड के पास यह अधिकार सुरक्षित रहेगा कि इस भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत विज्ञापन के उपरांत उत्पन्न रिक्तियों को मुख्य सूची अथवा प्रतीक्षा सूची में संस्तुत अभ्यर्थियों के पैनल की वैधता तिथि तक भर सकता है।** बोर्ड के पास यह अधिकार भी सुरक्षित रहेगा कि बिना कोई कारण बताए भर्ती को रद्द भी कर सकता है।

2. (i) विहित अनिवार्य अर्हताएं न्यूनतम हैं और केवल इन अर्हताओं को प्राप्त करने से ही अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का हकदार नहीं हो सकेगा।

   (ii) बोर्ड की अपेक्षाओं और उद्देश्यों के अनुसार, बोर्ड एक सुपरिभाषित मानदंड के आधार पर छंटनी प्रक्रिया के माध्यम से, एक तर्कसंगत सीमा तक ही साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या को सीमित कर सकता है, जिसमें वांछनीय अर्हता प्राप्त होना और / अथवा अधिसूचित विनियमों में विहित अनुभव अथवा अर्हताएं/उभरते क्षेत्रों में अनुभव होना शामिल है।

   (iii) एसईआरबी की अपेक्षाओं और उद्देश्यों को ध्यान में रखाते हुए, एक सक्षम निकाय द्वारा आवेदकों के जीवन-वृत्त (सीवी) की जांच की जाएगी, जिसमें इंजीनियरी/प्रौद्योगिकी के विशेषज्ञ शामिल होंगे तथा साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने के लिए अभ्यर्थियों की छंटनी और चयन बेहतर अभ्यर्थी की उपयुक्तता और उपलब्धता पर आधारित होगा।

3. **साक्षात्कार के लिए बुलाए गए अभ्यर्थियों में से अभ्यर्थियों का एक पैनल तैयार किया जाएगा, जो परिणाम घोषित होने की तिथि से 12 महीनों (1 वर्ष) तक वैध रहेगा। यह पैनल वैधता तिथि तक यथा अधिसूचित उत्पन्न रिक्तियों (जिसमें एसईआरबी के वैज्ञानिकों के त्याग पत्र देने प्रत्यावर्तन होने अथवा एसईआरबी वैज्ञानिक का उच्चतर पदों पर चयन हो जाने के कारण उत्पन्न रिक्तियां शामिल हैं) को भरने के लिए उपयोग में लाया जा सकता है।** अभ्यर्थियों, जिन्हें साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाया जाता है/नियुक्ति के लिए चयनित नहीं किया जाता है, के पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। **किसी भी रूप में निवेदन को अभ्यर्थी की अनर्हता माना जाएगा।**

4. साक्षात्कार के लिए बाहर से आमंत्रित अभ्यर्थी को देश के भीतर रेलवे टिकट प्रस्तुत करने पर, उनके वर्तमान निवास/कार्य स्थल से लघुतम रूट से आने जाने की यात्रा का द्वितीय श्रेणी, वातानुकूलित रेल किराया दिया जाएगा।

5. चयनित अभ्यर्थी को भारत में और इसके बाहर कहीं भी सेवा करनी पड सकती है।

6. **आवेदन कैसे करें :**

   (i) आवेदन, मोटे सादा कागज़ (ए-4 आकार, 210x297 मि.मि.) पर नीचे दिए गए निर्धारित प्ररूप में स्वच्छ रूप से टंकित किया होना चाहिए।

   (ii) अभ्यर्थी को आवेदन में सबसे ऊपर विशेष रूप से यह उल्लेख करना चाहिए कि वे इस पद के लिए प्रतिनियुक्ति आधार पर आवेदन कर रहे हैं, जैसा कि "विज्ञापन सूचना" के पैरा संख्या 1 में दिया गया है।

(iii) आवेदक, केन्द्र/राज्य सरकार अथवा केन्द्रीय/राज्य सरकारों के स्वायत्त निकायों/सांविधिक निकायों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, विश्वविद्यालयों अथवा अनुसंधान संस्थाओं आदि का कार्मिक होना चाहिए। अभ्यर्थियों को, अपना आवेदन उचित माध्यम से आवेदन प्राप्त होने की निर्धारित अंतिम तिथि के अंदर, सक्षम प्राधिकारी से "अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी)" के साथ भेजना होगा। **यदि आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि के पश्चात् आवेदन प्राप्त होता है, तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा।**

कृपया नोट करें कि अनापत्ति प्रमाण–पत्र के साथ उचित माध्यम से प्राप्त नहीं होता है तो इस पर विचार नहीं किया जाएगा।

(iv) शैक्षिक अर्हताओं, जन्मतिथि, अनुभव आदि के समर्थन में प्रमाण पत्रों की साक्ष्यांकित प्रतियां आवेदन के साथ संलग्न की जानी चाहिए। मूल प्रमाण पत्र अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करने होंगे।

(v) **पूर्ण रूप से भरे गए आवेदन, एक मुहरबंद लिफाफे में, जिसके ऊपर "वैज्ञानिक 'जी' के पद के लिए आवेदन" लिखा हो, पंजीकृत डाक द्वारा अथवा स्पीड पोस्ट से अवर सचिव (एसईआरबी), विज्ञान और इंजीनियरी अनुसंधान बोर्ड, 5 और 5ए, निचला भू–तल, वसंत स्क्वॉयर मॉल, वसंत कुंज, नई दिल्ली – 110070 को सम्बोधित, "रोजगार समाचार" (अंग्रेजी संस्करण) में विज्ञापन के प्रकाशित होने के 45 दिनों के अन्दर भेजना होगा। असम, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू और कश्मीर राज्य का लद्दाख प्रभाग, हिमाचल प्रदेश के लाहुल और स्पीति जिला तथा चम्बा जिला का पांगी उप मंडल, अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह तथा लक्षद्वीप संघ शासित क्षेत्रों के अभ्यर्थियों के आवेदन "रोजगार समाचार" (अंग्रेजी संस्करण) में विज्ञापन के प्रकाशन के 60 दिनों के अंदर अवश्य पहुँच जाने चाहिए।**

(vi) अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों, अथवा किसी भी प्रकार से अधूरे आवेदनों को सरसरे तौर पर निरस्त किया जा सकता है। डाक विभाग की ओर से आवेदनों के प्राप्त होने में किसी प्रकार के विलम्ब के लिए बोर्ड जिम्मेदार नहीं होगा, चाहे वे अंतिम तिथि से पहले ही क्यों न भेजे गए हों। इस प्रकार से निरस्तीकरण के खिलाफ किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

(vii) **विहित प्रोफार्मा में आवेदन, सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित अर्थात् संवर्ग से मंजूरी, सतर्कता मंजूरी, पिछले पांच वर्षों की एपीएआर की प्रतियां आदि तथा नियोक्ता से प्रमाण पत्र, एसईआरबी को ऊपर पैरा (v) में दिए गए पते पर उचित माध्यम से आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक हर हाल में भेज देने चाहिए।**

**7. प्रतिनियुक्ति पर भर्ती के लिए आयु सीमा**

| पद की श्रेणी | आयु सीमा |
|---|---|
| वैज्ञानिक 'जी' | 56 वर्ष |

टिप्पणी : **आयु सीमा निर्धारिण की निर्णायक तिथि भारत के अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि होगी** (न कि दूरस्थ क्षेत्रों के अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि होगी)

**8. हकदारी और भत्ते :**

**(क) प्रतिनियुक्ति :** केन्द्र सरकार के नियमों/एसईआरबी के नियमों और विनियमों के अनुसार

9. **आरक्षण मानदंड :** चूंकि यह पद प्रतिनियुक्ति आधार पर भरा जाना अपेक्षित है, अत: केन्द्र सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुसार आरक्षण अनुमेय नहीं होगा।

10. निम्नलिखित विषयों में विशेषज्ञता प्राप्त अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।

| क्रम सं. | पद | विषय |
|---|---|---|
| 1. | वैज्ञानिक 'जी' | (i) इंजीनियरी विज्ञान |

11. **कृपया ध्यान दें :**

(i) **विज्ञान और इंजीनियरी अनुसंधान बोर्ड के अधिकारी/स्टाफ केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य स्कीम (सीजीएचएस) में शामिल नहीं हैं। तथापि, जहां तक चिकित्सा सुविधाओं का संबंध है, एसईआरबी के अधिकारियों पर एसईआरबी के विनियम लागू होंगे।**

(ii) **विज्ञान और इंजीनियरी अनुसंधान बोर्ड के अधिकारी/स्टाफ आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, सम्पदा निदेशालय के सामान्य आवास पूल से आवासीय मकान के आवंटन के पात्र नहीं हैं। तथापि, एसईआरबी के अधिकारी/स्टाफ एसईआरबी के विनियमों में विहित प्रावधानों के अनुसार मकान किराया भत्ता पाने के हकदार होंगे।**

# आवेदन का प्रपत्र

| डायरी संख्या | | 2021 |
|---|---|---|

*(सरकारी उपयोग के लिए)*

रंगीन फोटो चिपकाएं

(3 महीने से अधिक पुराना न हो)

1. पद, जिसके लिए आवदेन किया है : ..........................................................................

2. पूरा नाम (बड़े अक्षरों में) : ..........................................................................

3. माता–पिता/पति/पत्नी का नाम : ..........................................................................

4. (क) जन्मतिथि : तिथि ............... माह ............... वर्ष ...............

(ख) अंतिम तिथि को आयु : वर्ष ............... माह ............... दिन ...............

(ग) सेवा निवृत्ति की तारीख :

5. शैक्षणिक अर्हताएं :

मैट्रिक के बाद से कालानुक्रमानुसार (यदि स्थान अपर्याप्त हो, आपके हस्ताक्षर से विधिवत अधिप्रमाणित अलग शीट लगाएं)

| क्रम संख्या | उत्तीर्ण की गई परीक्षाएं | विश्वविद्यालय/संस्थान/बोर्ड | उत्तीर्ण होने की वर्ष | लिए गए प्रमुख विषय | विशेषज्ञता विषय | डिविजन/श्रेणी/अंकों की प्रतिशतता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

6. नियोजन का रिकार्ड :

( पहली जॉब से आरम्भ करते हुए
कालानुक्रमानुसार विवरण)
(यदि नीचे स्थान कम हो, तो आपके हस्ताक्षर द्वारा विधिवत् अधिप्रमाणित अलग शीट संलग्न करें।)

| क्रम सं. | नियोक्ता/ संस्थान का नाम और पता | धारित पद अध्येतावृत्ति/ सहयोगी पद | तदर्थ/ नियमित/ अस्थाई/ स्थाई | प्रत्येक नियोजन की कुल अवधि | | | वेतनमान (संशोधित / पूर्व संशोधित) | ड्यूटी का स्वरूप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | से | तक | कुल (वर्ष, माह और दिन) | | |
| | | | | | | | | |

7. अनिवार्य अर्हता के पश्चात् कुल अनुभव, वर्षों में

8. अनुसंधान कार्य/अनुभव, यदि कोई हो, का विवरण :

(अनुलग्नक, यदि कोई हो, 200 शब्दों से अनधिक)

9. विशेषतज्ञता :
(पद के लिए वांछित अनुभव के संदर्भ में)

10. व्यावसायिक प्रशिक्षण :

| क्रम सं. | संगठन | अवधि | | प्रशिक्षण का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| | | से | तक | |
| | | | | |

11. वर्तमान रोजगार की स्थिति :

| केन्द्रीय सरकार | राज्य सरकार | केन्द्र/राज्य सरकार | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | स्वायत्त निकाय/सांविधिक निकाय | सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम | विश्वविद्यालय, शैक्षणिक अथवा अनुसंधान संस्थान | अन्य |
| | | | | | |

12. (i) पत्राचार का पता
(बड़े अक्षरों में)

(ii) दूरभाष संख्या (क) कार्यालय: .............................
(ख) आवास: ..............................

(iii) ई मेल पता : ..........................................................................................

13. निकटतम रेलवे स्टेशन:

14. वर्तमान वेतन
(संशोधित/पूर्व संशोधित)

(i) स्तर और पे मैट्रिक्स/ पे बैंड+ग्रेड पे ........................................................
(ii) मूल वेतन पे मैट्रिक्स में वेतन/ पीबी में वेतन+ग्रेड पे ........................................................
(iii) अन्य भत्ते (मकान किराया भत्ता छोड्कर) ........................................................
(iv) कुल वेतन [(ii) + (iii)] ........................................................

15. (i) सेवा, जिससे अभ्यर्थी संबंधित हैं :

(ii) संवर्ग प्राधिकारी का, दूरभाष संख्या सहित, पूरा पता

16. स्थाई पता :
(बड़े अक्षरों में)

पिन कोड :

दूरभाष सं.:

लैंड लाइन (कोड सहित): ..........................................
मोबाइल नम्बर: .....................................................

17. अन्य कोई सूचना जो आप देना चाहते हैं :
(प्रकाशनों की सूची, विद्वत सोसाइटीज़
की सदस्यता, अवार्ड और मान्यता आदि (संक्षेप में)

18. संलग्नकों का विवरण

19. घोषणा

मैं एतद्द्वारा प्रमाणित करता हूँ/करती हूँ कि जहाँ तक मेरी जानकारी है, ऊपर दी गई सूचना सही और पूर्ण है तथा कुछ भी छुपाया/तोड़-मरोड़ नहीं की गई है। यदि किसी समय पर यह पाया जाता है कि मैंने कोई ठोस सूचना छुपाई है/तोड़ मरोड़ कर प्रस्तुत की गई है, तो मेरी नियुक्ति, मुझे बिना कोई सूचना/प्रतिपूर्ति दिए,सरसरे तौर पर समाप्त की जा सकती है।

**स्थान:** **अभ्यर्थी के हस्ताक्षर**

**तिथि:**

**नियोक्ता/संगठन/कार्यालय के प्रमुख/प्रेषणकर्ता प्राधिकारी द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला प्रमाण पत्र:**

प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक द्वारा अपने आवेदन में दी गई सूचना/विवरण रिकार्ड में उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सत्य एवं सही हैं। अभ्यर्थी को विज्ञापन में उल्लिखित शैक्षणिक अर्हताएं और अनुभव प्राप्त है। यदि उनका चयन हो जाता है, तो उन्हें तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि:-

(i) अधिकारी के खिलाफ कोई सतर्कता/अनुशासनिक मामला अथवा आपराधिक मामला लम्बित अथवा निर्णयाधीन नहीं पड़ा है।

(ii) अधिकारी की सत्यनिष्ठा प्रमाणित की जाती है;

(iii) अधिकारी की पिछले पांच वर्षो की एसीआर/एपीएआर डोजियर की सत्यापित प्रतियां संलग्न है।

(iv) गत 10 वर्षों के दौरान अधिकारी पर कोई प्रमुख/गौण दंड नही लगाया गया है।

(v) संवर्ग नियंत्रक प्राधिकरण को विज्ञापन में उल्लिखित पद के लिए आवेदक के आवेदन पर विचार किए जाने में कोई आपत्ति नहीं है।

स्थान :
दिनांक :

हस्ताक्षर:
नाम और पदनाम:
दूरभाष सं.

संलग्नकों की सूची:

कार्यालय मुहर:

***